तत्काल रिलीज के लिए

प्रेस संपर्क:

अर्नी न्यूविट्ज़
(732) 524-1090
media-relations@its.jnj.com

जेक सरजेंट
(202) 569-5086
JSargen3@ITS.JNJ.com

निवेशक संपर्क:

क्रिस्टोफर डेलओरेफिस
(732) 524-2955

लीज़ा रोमानको
(732) 524-2034

Johnson's Baby Powder की उसी बोतल पर 15 नई जांचों में कोई एस्बेस्टस नहीं मिला जिसे पहले एफडीए द्वारा जांचा गया था

वापस मंगवाए गए लॉट पर दो तृतीय पक्ष की प्रयोगशालाओं में की गई 60 नई जांचों में कोई एस्बेस्टस नहीं मिला

न्यू ब्रुन्सविक, न्यू जर्सी, एनजे, (29 अक्तूबर 2019) – Johnson & Johnson Consumer Inc. (कंपनी) ने आज ऐलान किया है कि Johnson's Baby Powder की उसी बोतल पर 15 नई जांचों में कोई एस्बेस्टस नहीं मिला जिसे पहले अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) द्वारा जांचा गया था। Johnson's Baby Powder के कंपनी द्वारा स्वेच्छा से 18 अक्टूबर को वापस बुलाए गए (लॉट सं. 22318RB) नमूनों पर की गई अतिरिक्त 48 नई प्रयोगशाला जांचें भी पुष्टि करती हैं कि उत्पाद में एस्बेस्टस मौजूद नहीं है। ये जांचें कंपनी के चल रहे परीक्षण और जांच-पड़ताल के हिस्से के रूप में दो तृतीय-पक्ष प्रयोगशालाओं द्वारा की गईं।

कंपनी ने कहा, "कठोर और तीसरे पक्ष के परीक्षण पुष्टि करते हैं कि Johnson's Baby Powder में कोई एस्बेस्टस नहीं है। हम अपने उत्पाद की सुरक्षा का समर्थन करते हैं।"

जांचें प्रदर्शित करती हैं कि सकारात्मक रीडआउट्स लैब संदूषण के कारण संभव हैं

स्वैच्छिक रूप से उत्पाद को वापस मंगवाने के बाद, कंपनी ने ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी (टीईएम), पाउडर एक्स-रे डिफ्रेक्शन (एक्सआरडी) और पोलराइज्ड लाइट माइक्रोस्कोपी (पीएलएम) टेस्टिंग का उपयोग करके Johnson's Baby Powder के वापस मंगवाए गए लॉट पर बड़ी संख्या में तेजी से जांचें करने के लिए दो तृतीय-पक्ष प्रयोगशालाओं के साथ अनुबंध किया।

अपने मानक तैयारी के कमरे का उपयोग करने के अलावा, प्रयोगशालाओं में से एक ने सहायक कमरे का उपयोग करके अपने सामान्य प्रोटोकॉल से हट कर काम किया। उस सहायक कमरे में, पांच नमूने तैयार किए गए और शुरुआत में तीन नमूनों का परिणाम एस्बेस्टस के लिए सकारात्मक था। इस निष्कर्ष पर, प्रयोगशाला ने एक जांच की और निर्धारित किया कि सहायक कमरे में नमूना तैयार करने के दौरान उपयोग में आने वाला एक पोर्टेबल एयर कंडीशनर एस्बेस्टस से दूषित था। मानक कक्ष में तैयार किए जाने पर किसी भी नमूने में एस्बेस्टस नहीं पाया गया।

यह निष्कर्ष किसी भी सकारात्मक जांच परिणाम की जांच-पड़ताल करने के महत्व पर ज़ोर देता है। अमेरिकन सोसाइटी फॉर टेस्टिंग एंड मटेरियल्स जो एक अंतरराष्ट्रीय मानक संगठन है जो एस्बेस्टस विश्लेषण में चिंता के रूप में संदूषण की पहचान करता है, के अनुसार, सावधानी से सुरक्षा उपायों का पालन किए जाने के बावजूद भी नमूने के विभाजन, स्टोरेज, तैयारी और विश्लेषण के दौरान एस्बेस्टस संदूषण पेश आ सकता है

(एएसटीएम 6620-19,एस्बेस्टस का पता लगाने की सीमा के लिए मानक प्रथा, 5.1.3 (ii) पर गणना)।

कंपनी ने ऊपर चर्चा किए गए अपने परीक्षण की रिपोर्ट पोस्ट की है। इसे यहां देखा जा सकता है FactsAboutTalc.com.

दशकों के उत्पाद परीक्षण में Johnson's Baby Powder में कोई एस्बेस्टस नहीं मिला है

अपने कॉस्मेटिक टॉल्क को सुरक्षित रखने के लिए कंपनी के पास कठोर परीक्षण मानक मौजूद है। एफडीए के पिछले महीने किए गए सब से हाल के स्वयं के परीक्षण सहित, पिछले 40 वर्षों में हजारों जांचें, बार-बार पुष्टि करती हैं कि Johnson's Baby Powder में एस्बेस्टस शामिल नहीं है। हमारा टॉल्क ऐसे अयस्क स्रोतों से आता है जिनके हमारे उद्योग के मानकों से भी अधिक कड़े विनिर्देशों को पूरा करने की पुष्टि की गई है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे टॉल्क में एस्बेस्टस शामिल नहीं है, कंपनी और इसके आपूर्तिकर्ता नियमित रूप से परीक्षण करते रहते हैं। हमारे टॉल्क के एस्बेस्टस से रहित होने की अनेकों स्वतंत्र प्रयोगशालाओं, विश्वविद्यालयों और वैश्विक स्वास्थ्य प्राधिकारियों द्वारा भी जांच और पुष्टि की गई है।

133 वर्षों से, Johnson & Johnson Family of Companies उन लोगों की जरूरतों और कल्याण को प्रधानता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिनकी हम सेवा करते हैं, और हम ऐसा ही आगे भी करते रहेंगे।

जैसा कि पहले घोषणा की गई थी, Johnson's Baby Powder के लॉट सं. 22318RB को, सावधानी की प्रक्रिया के रूप में 18 अक्टूबर को वापस मंगवा लिया गया था। उत्पाद को वापस मंगवाने के बारे में यदि आपके प्रश्न हैं, तो Johnson & Johnson Consumer Care Center से www.johnsonsbaby.com पर या +1 (866) 565-2229 पर कॉल करके संपर्क करें।

दूरंदेशी वक्तव्यों के संबंध में निवेशकों के लिए टिप्पणी:

यह प्रेस विज्ञप्ति Johnson's Baby Powder के एक लॉट की स्वैच्छिक वापसी के बाद की जांचों के परिणाम के संबंध में "दूरंदेशी वक्तव्यों" से युक्त है जैसा कि 1995 के प्राइवेट सिक्योरिटीज़ लिटिगेशन रिफॉर्म अधिनियम में परिभाषित है। पाठक को इन दूरंदेशी वक्तव्यों पर भरोसा न करने के लिए सावधान किया जाता है। इस प्रेस विज्ञप्ति में दिए गए दूरंदेशी वक्तव्य भविष्य की घटनाओं की वर्तमान अपेक्षाओं पर आधारित हैं। यदि अंतर्निहित धारणाएं गलत सिद्ध हो जाती हैं अथवा ज्ञात या अज्ञात जोखिम या अनिश्चितताएं यथार्थ में बदल जाती हैं, तो वास्तविक परिणाम JJCI और/या Johnson & Johnson की अपेक्षाओं और अनुमानों से भौतिक रूप से भिन्न हो सकते हैं। जोखिमों और अनिश्चितताओं में शामिल हैं, लेकिन इन तक ही सीमित नहीं है: उत्पाद की कारगरता या सुरक्षा की चिंताएं जिनके परिणामस्वरूप उत्पाद वापस लिए जा सकते हैं या विनियामक कार्रवाई हो सकती है; उत्पाद की जिम्मेदारी के दावों सहित, उल्लेखनीय प्रतिकूल मुकदमा या सरकारी

कार्रवाई; नए और मौजूदा उत्पादों की व्यावसायिक सफलता की अनिश्चितता; कंपनी की रणनीतिक योजनाओं को सफलतापूर्वक निष्पादित करने की क्षमता; आंतरिक रूप से या आपूर्ति श्रृंखला के भीतर विनिर्माण संबंधी कठिनाइयाँ या विलम्ब; लागू कानूनों और विनियमों में परिवर्तन; स्वास्थ्य परिचर्या उत्पादों और सेवाओं को खरीदने वालों के व्यवहार और खर्च करने के तरीकों में परिवर्तन; और सरकारी एजेंसियों द्वारा स्वास्थ्य परिचर्या उद्योग की संवीक्षा में वृद्धि। इन जोखिमों, अनिश्चितताओं और अन्य कारकों की एक और सूची तथा विवरण 30 दिसंबर 2018 को समाप्त हुए आर्थिक वर्ष के लिए Johnson & Johnson की वार्षिक रिपोर्ट में फॉर्म 10-के पर पाए जा सकते हैं, जिनमें "दूरंदेशी वक्तव्यों के बारे में सावधान करने वाली टिप्पणी" और "आइटम 1ए. जोखिम कारक" शीर्षक वाले खंड शामिल हैं जिन्हें कंपनी की सबसे हाल में फाइल की गई त्रैमासिक रिपोर्ट में फॉर्म 10-क्यू पर और उसके बाद कंपनी द्वारा सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन को फाइल की गई जानकारियों में प्रकाशित किया गया है।

इन रिपोर्टों की प्रतियाँ www.sec.gov, www.jnj.com पर ऑनलाइन या Johnson & Johnson से अनुरोध पर उपलब्ध हैं। इस विज्ञप्ति में किया गया कोई भी दूरंदेशी वक्तव्य केवल इस विज्ञप्ति की तारीख की स्थिति को बयान करता है। न तो Johnson & Johnson Consumer Inc. और न ही Johnson & Johnson नई जानकारी या भविष्य की घटनाओं या परिवर्तनों के फलस्वरूप किसी भी दूरंदेशी वक्तव्य को अपडेट करने की जिम्मेदारी लेता है। कंपनी इस प्रेस विज्ञप्ति की किसी भी या सारी विषय-वस्तु के आधार पर की गई या न की गई कार्रवाई के संबंध में किसी भी दायित्व का स्पष्ट रूप से अस्वीकरण करती है।